## खबर संक्षेप

### नर्मदा समग्र ने आयोजित की आपदा प्रबंधन एवं तैराकी प्रशिक्षण कार्यशाला



**मण्डला।** दिनांक 17 मई को नर्मदा समग्र के द्वारा आपदा प्रबंधन विषय पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमे विशेष प्रशिक्षण सहयोग होम गार्ड/एस.डी.ई.आर. एफ. मण्डला के सहयोग से किया गया है। जिसके उदघाटन में नर्मदा समग्र संभाग समन्वयक नीलेश कटारे ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए नर्मदा समग्र के द्वारा किये जा रहे कार्यो की जानकारी देते हुए बताया की इस प्रशिक्षण में मंडला नगर के महाराजपुर संगम घाटए नाना घाट, नाव घाट, किला घाट, रंगरेज घाट और हनुमान घाट के कार्यकर्ताओ को प्रशिक्षण कराया जा रहा है जिससे आपदा के समय घाट के समीप रहने वाले कार्यकर्ता किसी संकट के समय समाज का सहयोग कर सके साथ ही स्वय को प्रशिक्षित कर दक्षता हासिल कर सके।

### स्व. श्री दवे जी की पुण्यतिथि पर प्रशस्ति पत्रों का वितरण

**मण्डला।** महिष्मति माँ नर्मदा उत्तरवाहिनी परिक्रमा आयोजन समिति द्वारा आज 18 मई को स्व. श्री अनिल माधव दवे जी की पुण्यतिथि पर संकल्प दिवस के उपलक्ष्य पर उत्तरवाहिनी परिक्रमा में सहयोग करने वाले समाजसेवियों एवं दानदाताओं का सम्मान किया जाना है साथ ही इस वर्ष जो 02 सामूहिक परिक्रमाओं का आयोजन किया गया उसमें परिक्रमा करने वाले नर्मदा भक्तों को उत्साहवर्धन हेतु एक प्रशस्ति पत्र भी स्मृति के रूप में दिया जाना है यह कार्यक्रम रपटा घाट स्थित गौड़ी पब्लिक ट्रस्ट कलादीर्घा के ऊपरी तल पर आयोजित किया गया है कार्यक्रम आज दिन शनिवार शाम 5:00 बजे आयोजित है समिति द्वारा उत्तरवाहिनी परिक्रमा में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी नर्मदा भक्तों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है साथ परिक्रमा में उपस्थित होकर जिन्होने माँ नर्मदा की परिक्रमा की और कार्यक्रम में उपस्थित रहे उन्हें भी उपस्थित होने निवेदन किया है। समिति सदस्यों द्वारा परिक्रमा में भाग लेने वाले लगभग सभी नर्मदा भक्तों से फोन पर संपर्क कर उन्हें आमंत्रण भेजा है इसके बावजूद भी यदि कोई नर्मदा भक्त त्रुटिवश छूट गया हो तो वह भी कार्यक्रम में सादर आमंत्रित है ताकि उन्हें भी प्रशस्ति पत्र भेंट किया जा सके। जिले के बाहर से आने वाले परिक्रमावासियों को पहले ही समिति द्वारा प्रशस्ति पत्र वितरण किये जा चुके हैं इस आयोजन में सिर्फ मण्डला के भक्तों को प्रशस्ति भेंट किये जायेंगे।

## रेत कारोबारी ने डरा धमकाकर कराई थी झूठी रिपोर्ट

# रेत कारोबारी सहित तीन गये जेल

*** जांच के दौरान हुआ खुलासा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/अंजनिया



टाटरी पुलिस ने मार्च महीने में हुई एक युवती की मौत के मामले में बड़ा खुलासा किया है। इस मामले में अवैध रेत कारोबारी ने मृतिका की बहन तथा परिजनों को डरा धमकाकर पुलिस में झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस द्वारा मामले की सूक्ष्मता से जांच की गई जिसके बाद टाटरी चौकी पुलिस द्वारा रेत कारोबारी, ट्रैक्टर मालिक तथा ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार कर न्यायिक मजिस्ट्रेट नैनपुर के न्यायालय में पेश किया गया है। बताया जाता है कि दिनांक 4 मार्च 2024 को शंकरी बाई निवासी ग्राम डुंडुम चौकी पांडीवारा ने थाना बम्हनी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपनी चाचा की बेटी आशा वायाम उम्र 18 वर्ष तथा गांव के ही अन्य मजदूर रामकली बाई,चयती बाई, अनीशा और सुनीता के साथ इंद्री के प्रमोद कुम्हरे के ईंट भट्टे में काम करने गए थे। काम करने के दौरान ट्रैक्टर चालक कृष्ण कुमार उलाड़ी ने आशाबाई को पीछे से टक्कर मार दी जिसकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बम्हनी में इलाज के दौरान मौत हो गई।शंकरी बाई की रिपोर्ट पर थाना बम्हनी में अपराध क्रमांक 0/24 धारा 304 ए तथा 184 मोटर व्हीकल एक्ट का मामला दर्ज किया गया। घटना स्थल पुलिस चौकी टाटरी के अंतर्गत होने के कारण केस डायरी पुलिस चौकी टाटरी भेजी गई। जिस पर चौकी प्रभारी विकास सिंह तोमर द्वारा मामले की सूक्ष्मता से जांच शुरू की गई।

### प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों से हुआ खुलाशा

केस डायरी प्राप्त होने के बाद चौकी प्रभारी विकास सिंह तोमर द्वारा घटना के प्रत्यक्षदर्शी साक्षियों तथा मृतिका के पिता घनश्याम तथा माता कलावती बाई के बयान दर्ज किए गए। मौका स्थल का निरीक्षण किया गया। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि ग्राम बहेरी निवासी कालीचरण पटेल नामक व्यक्ति द्वारा शंकरी बाई तथा मृतिका माता-पिता को डरा धमका कर थाना बम्हनी में ईंट भट्टे में घटना कारित होने की झूठी रिपोर्ट दर्ज करवाई गई जबकि आशा बाई की मृत्यु रेत भरने के दौरान ट्रैक्टर से लगी टक्कर से हुई थी।

### पुलिस गिरफ्त में रेत कारोबारी

शंकरी बाई की रिपोर्ट पर पहले पुलिस द्वारा केवल वाहन चालक के विरुद्ध जांच की जा रही थी तथा धारा 304 ए का मामला दर्ज किया गया था। परंतु परिजनों तथा प्रत्यक्षदर्शियों के बयान तथा चौकी प्रभारी टाटरी विकास सिंह तोमर के द्वारा की गई मामले की सूक्ष्म जांच से पुलिस के हाथ अवैध रेत कारोबारी कालीचरण पटेल तक पहुंच गये।रेत कारोबारी कालीचरण पटेल द्वारा अवैधरूप से ट्रेक्टर आशाबाई तथा अन्य मजदूरों से रेत भरवाई जा रही थी।मामले में धारा 304 भाग 2 भारतीय दंड विधान का इजाफा किया गया।टाटरी पुलिस द्वारा वाहन चालक कृष्ण कुमार उलाड़ी निवासी टिकराटोला इंद्री वाहन मालिक दीपक धुर्वे निवासी इंद्री तथा अवैध रेत कारोबारी कालीचरण पटेल निवासी बहेरी को गिरफतार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

### इनका कहना है :-

*विवेचना के दौरान आये तथ्यों के आधार पर प्रकरण में धारा 304 भाग 2 का इजाफा किया गया है। आरोपी रेत कारोबारी कालीचरण पटैल, ट्रैक्टर मलिक दुर्गेश तथा ट्रैक्टर चालक कृष्ण कुमार को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।*

*-विकास सिंह तोमर, चौकी प्रभारी टाटरी*

# कलश यात्रा से आंरभ हुई शिव महापुराण



रिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

भुआ बिछिया के वार्ड क्रमांक 14 में शिवमहापुराण का आयोजन 16 मई से 24 मई तक किया जा रहा है। कथा वाचक शास्त्री जुगल किशोर पांडे और ज्योतिषाचार्य नंदू महाराज जी के संनिध्य में शिवमहापुराण का आयोजन किया जा रहा है यह आयोजन अभिषेक सृष्टि पांडेय के पुत्र हार्दिक पांडे के प्रथम जन्मदिन पर आयोजित किया गया है यहां पर 16 मई को कलश यात्रा एवं पूजन स्थापना की गई। इस अवसर कथा वाचक शास्त्री जुगल किशोर पांडे ने कहा कि शिव महापुराण कराने से समस्त प्रकार के गंभीर रोगों से भी परिवार को मुक्ति मिलती है। शिव पुराण में इस बात का भी वर्णन मिलता है कि शिव पुराण के श्रवण करने वाले साधकों को शिवलोक में स्थान मिलता है। साथ ही यह भी माना गया है कि इस कथा को सुनने से व्यक्ति के समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं। वहीं ज्योतिषाचार्य नंदू महाराज ने बताया कि शिव पुराण की कथा पढने या सुनने से पहले शिवजी का ध्यान करते हुए संकल्प लेना चाहिए। इसके बाद पूरे भक्ति-भाव से कथा सुनें तभी इसका पूर्ण लाभ मिलता है। जो व्यक्ति पाठ का संकल्प लेता है उसे केवल एक समय सात्विक भोजन करना चाहिए और ब्रह्मचर्य का पालन करना चाहिए। शिव पुराण की कथा में अपने सगे-संबंधियों को आमंत्रित जरूर करना चाहिए। वहीं 24 मई को हवन पूर्ण आहूति के साथ कन्या भोजन एवं प्रथम जन्म उत्सव चौक बारस का आयोजन किया जाएगा। शिव महापुराण के आयोजक रमेश पांडेय, श्रीमति आशा पांडेय, दीपक पांडे, श्रीमति वर्षो पांडेय ने धर्मप्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

### संत देवेश दास की प्रतिमा स्थापना पर हुए विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान

**मण्डला।** माँ नर्मदा के भक्त संत देवेश दास तपसी महाराज की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर उनके अनुयायियों के सहयोग से 17 मई को मां नर्मदा तापसी आश्रम पदमी चौराहा में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के साथ पूज्य संत की प्रतिमा स्थापित की गई। ज्ञातव्य हो कि ब्रम्हलीन पूज्य संत कॉलेज में प्रोफ़ेसर थे नौकरी छोड़कर नर्मदा परिक्रमा उपरांत आश्रम में अध्यात्मिक और धार्मिक जीवन व्यतीत कर रहे थे 17 मई 2023 को ब्रम्हलीन हुए थे। अनेकों धर्म प्रेमियों द्वारा पूज्य संत को उनकी पुण्यतिथि पर स्मरण करते हुए शत-शत नमन किया गया।

## समर कैंप के दौरान आईटीआई के प्रशिक्षण अधिकारियों ने दिया कैरियर मार्गदर्शन

रिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल सेमरखापा में 1 मई से 15 मई तक समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें माध्यमिक विद्यालय एवं हाई स्कूल के विद्यार्थियों में ने अपनी सहभागिता दी। बच्चों में रचनात्मकता,सृजनशीलता एवं कला आदि कौशलों के विकास की कड़ी में विद्यालय के प्राचार्य अखिलेश चंद्रौल द्वारा अपनी देख-रेख में समर कैंप का आयोजन किया गया। प्रदेश के 89 पीएमश्री विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों में अकादमिक गतिविधियों के अतिरिक्त प्रतिभा को पहचान कर उनकी रूचि को निखारने के लिए विद्यालयों में समर कैम्प का आयोजन शाला स्तर पर संचालित किया गयाथा। इसके आयोजन से विद्यार्थियों में रचनात्मक सृजनशीलता कला कौशल के विकास के साथ ही साथ 21वीं सदी के विभिन्न कौशलों जैसे टीमवर्क, समस्या समाधान, आपसी सामंजस्य, तार्किकता आदि के गुणों का भी विकास हुआ। पीएम श्री शासकीय हाईस्कूल सेमरखापा में समर कैंप के दौरान विद्यार्थियों ने योगा, मिट्टी के खिलौने, लीफ आर्ट (पत्तीकला), कढाई, बुनाई, नृत्य, प्रहसन/ड्रामा, मूक प्रहसन, ड्राइंग, लेखनकला, पेंटिंग, समूह चर्चा, भाषण कला, अभिव्यक्ति, कौशल, गायन, वादन, इन्डोर गेम, आउट डोरगेम, बेसिक कम्प्यूटर से संबंधित सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक कार्य कुशल मार्गदर्शक शिक्षकों की देखरेख में किया एवं अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया विद्यालय के शिक्षक पवन कुमार नाम देव, कमलेश कुमार हरदहा, के. के. हरदहा, श्रीमती अनुसुईया मार्को, श्रीमती गीता चौकसे,श्रीमती आनंदा नामदेव, सौरभ पटेल, श्रीमती निशम पटेल, एहतेशाम नूर, प्रभात मिश्रा निधेश पटेल, कविंद्र सुरेश्वर, श्रीमती अमिता पटेल ने समर कैंप को सफल बनाने में अपना विशेष योगदान दिया। समर कैंप के दौरान शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मण्डला के प्राचार्य श्री आर एस वरकडे से अनुरोध कर काउंसलिंग के लिए प्रशिक्षण अधिकारियों को भेजने का निवेदन संस्था के प्राचार्य अखिलेश चन्द्ररोल द्वारा किया गया जिसके परिपेक्ष्य में प्रशिक्षण अधिकारी सुश्री वैशाली एवं श्रीमती हर्षिका ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रवेश की प्रक्रिया, विभिन्न ट्रेडों की जानकारी और भविष्य में रोजगार या स्वरोजगार के अवसरों की संभावना पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला।

## मण्डला के खिलाड़ी अंकुश मरावी का अंडर-20 नेशनल मध्य प्रदेश फुटबॉल टीम में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



स्वामी विवेकानंद अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप, रामकृष्ण मिशन आश्रम नारायणपुर (छत्तीसगढ़) में 14 मई से 20 मई 2024 तक यह प्रतियोगता आयोजित होगी इसमें 32 राज्य की टीमें भाग लेंगी। फुटबॉल कोच पंकज उसराठे ने बताया कि मध्यप्रदेश फुटबॉल संघ ने सीहोर जिला में अंडर-20 ट्रायल कैंप लगाया था जिसमें मध्यप्रदेश के 100 से अधिक खिलाड़ियों ने ट्रायल दिया था। मण्डला के खिलाड़ी अंकुश मरावी के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर मध्यप्रदेश टीम में चयन हुआ। अंकुश विगत 10 वर्ष से महात्मा गांधी स्टेडियम मैदान में फुटबॉल खेल का अभ्यास करते है। पूर्व में स्कूल नेशनल, व राज्य स्तरीय फुटबॉल स्पर्धा में भाग लेकर ज़िले का नाम रोशन किया है। मण्डला के खिलाड़ी का चयन होने पर अंकुश के पिता -हीरा सिंह मरवी, माता-ममता मरवी, जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग अधिकारी रविंद ठाकुर ,मध्यप्रदेश फुटबॉल संघ सचिव अमित रंजन देव, कोच आशीष सर, फुटबॉल संघ सचिव अनिल सोनी, डॉ- दिलीप शर्मा, सुनील सराफ, सत्य नारायण अग्रवाल, भीष्म द्विवेदी, शैलेश दुबे, पुरूषोत्तम उसराठे, मतीन ख़ान, जावेद ख़ान, समीर बाजपेई, आकाश खत्री , सोना दुबे, अरविंद पटले, संदीप कछवाहा, त्रिलोक डोंगरे, मुजवी हसन, शिवम सिंधिया, पवन नंदा, पी.टी.ई. देवेंद सरोते, अभिषेक, सोनम कछवाहा, ब्रजमी बैरागी, नर्मदा स्पोर्ट्स के समस्त सदस्य एवं समस्त खेल प्रेमियों ने बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

## निरीक्षण | बंदियों को उपलब्ध सुविधाओं का लिया जायजा।

# प्रधान न्यायाधीश ने किया जेल का निरीक्षण

*** बंदियों से उनकी समस्यायें भी जानी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एस0के0 जोशी प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं प्रवीण कुमार सिन्हा जिला न्यायाधीश, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा शुक्रवार को जिला जेल मण्डला का औचक जेल निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल मैन्यूअल के अनुसार जेल में बंदियों को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान पुरूष एवं महिला बैरकों का निरीक्षण कर साफ-सफाई, बंदियों के बिस्तर और शौचालय की साफ-सफाई की जांच की इसके साथ ही पाकशाला का निरीक्षण किया गया। उन्होने पाकशाला की साफ-सफाई, भोजन की गुणवत्ता व प्रतिदिन दिए जाने वाले आहार की मात्रा संबंधी सारणी की जांच की। निरीक्षण के दौरान बंदियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना गया और बंदियों को विधि सम्मत सलाह भी प्रदान की गई। उक्त कार्यक्रम में एस0के0 जोशी प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रवीण कुमार सिन्हा जिला न्यायाधीश, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नरेश सिंह गौड़ न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, दीपिका एस ठाकुर जिला विधिक सहायता अधिकारी, संजय सहलाम जेल अधीक्षक जिला जेल मण्डला, जेल स्टॉप, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण एवं बंदीजन उपस्थित रहे। एस0के0 जोशी प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डला ने जेल में निरुद्ध व्यक्तियों को समान रुप से न्याय मिले सके इसलिए बंदियों के अधिकार विधिक सहायता एवं सलाह योजना, प्लीबारगेनिंग दाण्डिक मामलों का समझौते के आधार पर अंतिम निराकरण हेतु एक अनुबंध है जो पीड़ित पक्ष एवं अभियुक्त के मध्य आपसी समझौते के आधार पर होता है। प्लीबारगेनिंग प्रक्रिया द्वारा असमनीय अपराधों का निराकरण किया जा सकता है के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। प्रवीण कुमार सिन्हा जिला न्यायाधीश, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डला ने बंदियों को नशामुक्ति के संबंध में बताया कि जेल में बिताये गये समय में उनके द्वारा समस्त प्रकार के नशाओं का सेवन नहीं किया जाता। उन्हें रिहा होने के पश्चात भी नशाओं का त्याग करना चाहिए तथा प्रत्येक बंदी भाई को अपने कारावास की अवधि में बदले की भावना त्यागकर एक सकारात्मक सोच रखते हुए सजा पूरी करनी चाहिए जिससे जेल में उनमोचन उपरान्त वह समाज में एक बेहतर जीवन जी सके की जानकारी दी। साथ ही राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की भी जानकारी दी।

## मण्डला कोतवाली पुलिस ने 3 आरोपियों से 3 बुलेट सहित 05 मोटर साइकिल की जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



मण्डला पुलिस की कार्यवाही, थाना प्रभारी मण्डला के नेतृत्व में मंडला कोतवाली पुलिस को बाइक चोर गिरोह को पकड़ने में सफलता मिली है। पुलिस की पुछताछ में आरोपियों द्वारा मण्डला व जबलपुर जिले के अलग अलग जगह से बाइक चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों द्वारा अधिकतर बुलेट व महंगे दो पहिया वाहनों को टारगेट किया गया। उक्त गिरोह के तीन आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिनके कब्जे से 05 मोटर साइकिल जब्त कर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरोह के अन्य साथियों के संबंध में भी पुछताछ की जा रही है। थाना कोतवाली मण्डला में बुलेट वाहनों की चोरी की रिपोर्ट प्राप्त हुई थी जिसमें आवेदक विवेक जैन निवासी कटरा द्वारा अपने ग्रे रंग की बुलेट बाइक कटरा में एसबीआई बैंक के पीछे से घर के पास खड़ी मोटरसायकल चोरी होने, आवेदक सुशील मिश्रा निवासी तिलक वार्ड एवं हेमन्तदास सुखवानी निवासी सुभाष वार्ड ने भी अपने घर के सामने से बुलेट मोटरसाइकिल चोरी होने की मंडला कोतवाली थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले के खुलासा एवं चोरी गई मोटरसाइकिल के रिकवरी हेतु एसडीओपी मंडला के निर्देशन व थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में टीम गठित की गयी थी। पुलिस टीम द्वारा घटना के संबंध में लगाकर जानकारी प्राप्त कर साक्ष्य जुटाये गये। आरोपियों की तलाश व चोरी गये मोटरसाइकिल हेतु मुखबिर भी लगाये गयें। इस दौरान थाना कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दीपक डहरिया नाम का व्यक्ति अपने अन्य साथियों के साथ बुलेट मोटरसाईकिल बेचने मण्डला से जबलपुर जा रहा है सूचना पर पुलिस द्वारा घेराबंदी कर दीपक डहरिया पिता कमलेश डहरिया उम्र 19 वर्ष निवासी लिमरुआ थाना बम्हनी जिला मण्डला, अखिलेश श्रीपाल पिता फागू लाल श्रीपाल उम्र 21 साल निवासी मंहगवा थाना बरेला जिला जबलपुर, संदीप पिता रज्जन केवट उम्र 30 वर्ष निवासी मंहगवा थाना बरेला जिला जबलपुर को पकड़कर 03 नग बुलेट एवं जबलपुर से चोरी हुई 01 नग पल्सर एनएस 125 एवं 01 नग स्पेलन्डर मोटरसाईकिल कुल 05 नग मोडरसाईकिल कीमत लगभग करीबन 6,50,000/- रूपये जप्त की गई। पुलिस को पुछताछ में आरोपियों ने उक्त जब्त मोटरसाइकिल को चोरी करना स्वीकार किया गया। उक्त आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर आज दिनांक 17 मई 2024 को माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

उक्त कार्यवाही एसडीओ (पी), पीयूष मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक शफीक खान उपनिरीक्षक संजीव उईके, सउनि धनराज नंदा, प्र.आर. अभिषेक मिश्रा, पूरन इडपाचे, आर. दीपांशु जंघेला, अमित गरयार, रमेश सिंगरौरे, मानसिह, रज्जन, इसरार, सुंदर, रामचन्द्र, व सायबर सेल की टीम का विशेष योगदान रहा।

खबर संक्षेप

## विकास खंड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट बैठक में दिये जरूरी दिशा निर्देश

**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** विकासखंड चीचली के जनपद शिक्षा केंद्र में विकासखंड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट व समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि इस बैठक को संबोधित करते हुए विकास खंड स्रोत समन्वयक डी के पटैल एवं बीएसी अरुण दुबे द्वारा निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण योजना के आलवा नवीन सत्र में नामांकन प्रक्रिया सहित जर्जर हालत में पहुंचे व मरम्मत योग्य शालाओं की जानकारी के आलवा एफएलएन मॉनिटरिंग, एफएलएन के लक्ष्य, निष्ठा प्रशिक्षण सहित सीखने की गुल्लक, स्वयं सिद्धि चैट के माध्यम से प्रश्नोत्तरी हल कराना तथा कक्षा पॉचवी व कक्षा आठवी वार्षिक परीक्षा में ई ग्रेड निदानात्मक कक्षाओं का संचालन तथा पीएम पोषण आहार संबंधित दैनिक एवं मासिक आईवीआरएस मैसेज, यू डाइस पोर्टल अंतर्गत स्टूडेंट्स संबंधित कार्य योजना को लेकर विस्तृत निर्देश दिये गये। वही नवभारत साक्षरता के सहसमन्वयक सत्यम ताम्रकार द्वारा सामाजिक चेतना केंद्रों के विधिवत संचालन, सामाजिक चेतना केंद्र की पंजी के अद्यतन एवं असाक्षरों के सर्वे में निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति पर चर्चा की गई। वही इस बैठक में एमआईएस कोऑर्डिनेटर दीपक श्रीवास्तव, खुशबू ब्रिजपुरिया, सत्यम ताम्रकार, ललित पाराशर, अजय नामदेव, प्रमोद साहू, हेमंत पटेल, संजय सोनी, हरिओम स्थापक, गोविंद ताम्रकार, अभिषेक पराशर सहित समस्त जन शिक्षकों ने अपनी सक्रिय सहभागिता दी गई। इस बैठक का आयोजन जिला परियोजना समन्वयक के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में हुआ।

## एटीएम के आभाव में राशि निकालने के लिए परेशान हो रही खुलरी क्षेत्रवासी

**खुलरी।** जहां एक ओर शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ देने के लिए सरकार का प्रयास है कि हर व्यक्ति को लाभ बैक के माध्यम से प्राप्त हो जिसमें किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो सके और हर व्यक्ति शासन की योजना का लाभ अपने खाते के माध्यम से ले सके। मगर वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि खुलरी क्षेत्र में स्थित बैक द्वारा अभी तक एटीएम की सुविधा प्रदान नही किये जाने के कारण लोगों को अपने खातों से राशि निकालने के लिए भटकने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है? गौर किया जावे तो खुलरी में स्थिति भारतीय स्टैट बैक शाखा के माध्यम से खुलरी के आलवा ग्राम भौरझिर, घघरोला, पटना, भूमिया ढ़ाना, पिठहरा, सूरना, मुडिया, लिंगा, बिलोनी, बेहरा, तिगुवा, करहैया, सलैया सहित अनेक गांवों के उपभोक्ताओं द्वारा जहां प्रतिदिन लेनदेन किया जाता है, वही दूसरी ओर अनेक ग्राम पंचायतों के खाते भी यही के बैक से संचालित हो रहे है, मगर बैक शाखा द्वारा अभी तक अपने उपभोक्ताओं को राशि निकालने के लिए एटीएम की स्थापना नही किये जाने की स्थिति में क्षेत्र के लोंगो को राशि निकालने के लिए भटकना पड़ता है। क्योंकि यदि किसी को अपनी राशि निकालना होता है तो वह सिर्फ बैक के कार्य दिवस व समय पर पहुंचता है तभी उसे राशि मिल पाती है, यदि अवकाश सहित अन्य समय किसी उपभोक्ता को राशि की जरूरत पड़ती है तो वह भटकने के लिए मजबूर देखा जाता है। इस स्थिति के चलते क्षेत्र की जनता द्वारा ग्राम खुलरी में एटीएम स्थापना की मांग करते हुए यह सुविधा शीघ्र शुरू करने की गुहार लगाई जा रही है।

## सड़क किनारे पटरी नही होने से आये दिन दुर्घटना ग्रस्त हो रहे वाहन

**सालीचौका।** जहां एक ओर सरकार द्वारा करोड़ो रूपया खर्च करते हुए सड़को का निर्माण आमजन के लिए सुविधा प्रदान करने के उद्वेश्य से किया जाता है, मगर वही सड़क यदि आमजन के लिए परेशानी के साथ साथ जान का खतरा साबित होने लगे तो उस सड़क के निर्माण पर अपने आप ही सबाल खड़े होने से नही चूकते है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय पौड़ार से गाडरवारा के बीच हाईवे स्तर के सड़क में देखने मिल रहा है, जहां पर पूर्व सड़क निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा सड़क में निकले हुये।

### खस्ताहाल स्थिति में पहुंच चुके नगर के

# आबकारी कार्यालय की ओर नहीं दिया जा रहा ध्यान







**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

इस समय सिर्फ शहर ही नही बल्कि संपूर्ण क्षेत्र में शासन द्वारा अपनी राशि खर्च करते हुए जिस प्रकार से भवनों का निमार्ण कार्य कराया जा रहा है उसके चलते लगातार देखा जा रहा है कि अब हर गांव में शासकीय भवन दिखाई दे रहे है। वही दूसरी ओर यदि नगर में शासकीय भवनों की सच्चाई पर गौर किया जावे तो जिस प्रकार से शासन के विभिन्न मदों से नगर में भवनों निर्माण हुआ है उसके चलते स्थिति इस प्रकार से देखी जा रही है कि अब शासकीय भवनों की गिनती करना भी मुश्किल होने लगा है जिसका परिणाम है कि अनेक भवन तो इस प्रकार से दिखाई दे रहे है कि शासन द्वारा उन भवनों के निर्माण को लेकर जिस उद्देश्य से राशि खर्च की गई है उन भवनों में शायद ही उनका अतिथियों द्वारा फीता काटने के बाद नगर के किसी व्यक्ति द्वारा उपयोग किया गया हो...? वही दूसरी ओर नगर में वर्षो पुराने भवन जिस प्रकार से खंडहर होते हुए दिखाई दे रहे है उन्हें देखकर अनुमान लग रहा है कि यदि सरकार द्वारा नगर में करोड़ो की राशि खर्च करते हुए जिस प्रकार से नगर से दूर व पहुंच विहीन जगहों पर सरकारी भवनों का निर्माण किया गया है जो आम लोगों के लिये अनुपयोगी साबित तो हो ही रहे है वही इनके निर्माण में सरकारी राशिस खर्च करना का औचित्य भी समझ परे होने से नही चूक पा रहा है? वही दूसरी ओर गौर किया जावे तो जिन विभागों के कार्यालय पहले से ही सर्व सुविधायुक्त बने हुये है। मगर शासन द्वारा उन्हीं विभागों को पुनः राशि अवंटित करते हुये नये कार्यालय बनाने का कार्य किया जा रहा है। मगर दूसरी ओर जो सरकारी कार्यालय खंडहर की स्थिति में पहुंचने के साथ वहां पर अपनी जिन्दगी दांव पर लगाते हुये यहां पदस्थ अधिकारी कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वाहन करते हुये देखे जा रहे है। इस बात की सच्चाई नगर के चीचली मार्ग के बाजू में स्थित आबकारी कार्यालय में देखने मिल रही है। बताया जाता है कि कहने के लिये तो आवकारी विभाग प्रदेश सरकार के राजस्व में इजाफा करने के लिये अहिम माना जाता है। मगर इसके बाद भी इस विभाग के भवन की स्थिति देखते हुये लोग हैरत में पड़ने से नही चूकते है। क्योंकि पूर्णरूप से खस्ताहाल स्थिति में पहुंच चुके इस भवन के अंदर अपनी जिन्दगी दांव पर लगाते हुये अधिकारियों व कर्मचारियों को काम करते हुये देखा जाना आम बात हो चुकी है। वही दूसरी ओर बताया जाता है कि इस भवन में जिस तरह कीमती माने जाने वाली सरकारी संपत्ति रखी जाती है उसकी सुरक्षा भी भगवान भरोसे होने से नही चूक पा रही है? भवन के हालत इस तरह बन चुके है कि जहां चारों ओर दीवारे टूटते हुये देखी जा रही है। वही छप्पर का हाल तो इस तरह बना हुआ है कि कब गिर जावे किसी को पता नही? मगर हैरत की बात है कि इस तरह दुर्दशा का शिकार हो रहे इस आवकारी कार्यालय भवन की ओर किसी तरह का ध्यान न देना विकावादी सोच रखने वाले जिम्मेदारों की कार्य प्रणाली पर प्रश्न चिनह लगाने में कोई कसर नही छूट पा रही है? इतना ही नही नगर में बने हुये अन्य सरकारी भवनों की सच्चाई पर नजर डाली जावे तो आमजन का कहना है कि नये भवनों के निर्माण के नाम पर जिस तरह सरकारी राशि खर्च की जा रही है यदि वह राशि खर्च करते हुए खंडहर हो रहे इन सरकारी भवनों में लगाई गई होती तो निश्चित ही इन भवनों की सूरत बदल जाती तथा आमजन के लिए काफी हद तक उपयोगी भी शाबित होने लगते? यह बात सर्व विदित है कि नपा.लोक निर्माण विभाग एवं नजूल विभाग की बहुत सी कीमती भूमि अतिक्रमण की भेंट चढ़ चुकी है और वर्तमान में भी लगातार चढ़ती चली जा रही है, पिछले सालों में प्रशासन की तरफ से शासकीय भूमि को लोगों से मुक्त कराने के लिए अतिक्रमण अभियान जरूर चलाये गए थें। लेकिन नतीजा हकीकत मे सिफर रहा है, जिसकी वजह से शासन की जिस जमीन पर बेरोजगार युवकों के लिये दुकाने, व्यवसायिक काम्लेक्स या गरीबों के लिए छोटे आवास बनने थे उसे पर नगर में स्वार्थी व्यक्तियों ने अपने कब्जे मे ले लिया है? उल्लेखनीय है कि प्रशासन तंत्र को सरकारी जमीन बचाने मे तो कोई खास कामयाबी नही मिली, इसके साथ ही वह पुराने शासकीय भवनों की सुरक्षा के प्रति भी लापरवाह नजर आ रहा है? इसकी मिसाल नगर के पलोटन गंज मे स्थित पुराने जनपद तथा कृषि विभाग की खंडहर मे तब्दील हो रही इमारत की शोचनीय दशाा पेश कर रही है। बताया जाता है कि शासन की इस बहुमूल्य जमीन पर बने उक्त विशाल भवनों की सुन्दर बनावट, इनमे लगें रोशन दान, प्रयुक्त की गयी सागौन की लकड़ी पर बरबस आज भी शहरवासियों का ध्यान जाता है तो वे लोग इनके मालिक शासन प्रशासन को कौसे बिना नही रहते है। ज्ञातव्य है कि अपने अतीत पर ऑसू बहा रहे जनपद पंचायत भवन मे वर्षो तक जनपद पंचायत का कार्यालय रहा है जहां पर बाद मे सभी काम काज विकासखंड सांईखेड़ा के तहत होने की स्थिति मे उक्त भवन पर ताले लग गए। फिलहाल पुलिस थाने के सामने की धर्मशाला के साथ ही पलोटन गंज का जनपद भवन विकासखंड सांईखेड़ा के आधिपत्य मे है। परन्तु जर्जर होते चले जाने के बावजूद इन भवन के जीर्णोद्धार के सार्थक प्रयास नही किए जा रहे है, जिससे आशंकाऍ व्यक्त की जा रही है कि पुराना जनपद भवन कभी भी धराशायी हो सकता है, लगभग यही हाल पलोटन गंज शक्ति धाम मंदिर के पीछें कृषि विभाग के अधीन आने वाले बड़े भवन का भी जान पड़ रहा है? जो मौजूदा दौर मे बताया जाता है कि कृषि विभाग के इस भवन की कीमत लगभग एक करोड़ रूपए से अधिक है? जिसमें तोड़ फोड करते हुए एक अलग भवन का निर्माण तो हो गया है। मगर यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो यदि इस भवन का बड़ी अच्छी सोच के साथ निर्माण किया गया होता तो और अधिक उपयोगी साबित हो सकता था? ज्ञातव्य है कि इन भवनों के तालों मे जंग लग गयी है और इस इमारत की सुधि लेने मे बरती जा रही उदासीनता का परिणाम है कि इन भवन की दीवारे और ऊपरी हिस्सा क्षतिग्रस्त होता चला जा रहा है। इसकी अग्रभाग की बहुत बड़ी दहलान की दुरवस्था तो जग जहिर है ही साथ ही वास्तविकता यह भी है कि आमजनों ने इन भवन को प्रसाधन केन्द्र मे परिवार्तित कर इसके आंतरिक हिस्से को भीषण गंदगी से सरोबार कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक बहर हाल लगातार इन जर्जर हो रहे भवनों की बेश कीमती सागौन की लकाड़यॉ चोरी होती चली जा रही है और रात मे असामाजिक तत्वों की कार गुजारियों का यह अड्डा बन गये है? जागरूक नागरिको का कहना है कि प्रशासन का दायित्व है कि वह शासन की भूमि, भवनो की हिफाजत करें मगर यहॉ तो उलटी गंगा बह रही है, जो शासकीय भवन ऑधी, वर्षा सहते हुए किसी प्रकार अपने अस्तित्व को बचाये हुए है उन्हे भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है, यदि शासन द्वारा इन भवनों को तोड़कर काम्पलेक्स का निर्माण करा देती है तो निश्चित तौर से इन भवनों में निकलने वाली दुकानों से अनेक बेरोजगार अपनी दुकानदारी करते हुए अपना भरण पोषण कर सकते है। वही दूसरी ओर शासन को भी प्रतिमाह हजारों रूपया की आये होने लगेगी? मगर खंडहर हो रहे इन भवनों की ओर न तो शासन प्रशासन के अधिकारी ध्यान दे रहे है और न ही जनपद विभाग? आमजन द्वारा अधिकारियों से अपेक्षा की है कि उक्त भवनों को सुरक्षित कराने की दिशा मे पहल करें, जिससे लोगों को लाभ मिलने से साथ साथ शासन की आय में बढ़ोत्तरी तो होगी ही वही इस नगर को सुन्दरता भी मिल जावेगी।

## खुलेआम बिजली तारों में कंटी लगाकर की जा रही चोरी, अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।**

जहां एक ओर आम उपभोक्ताओं को बिजली विभाग द्वारा मनमाने बिल देते हुये उनसे बसूली की जा रही है तो दूसरी ओर खुलेआम हो रही बिजली चोरी की सच्चाई को बिजली विभाग के अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों द्वारा नजर अंदाज किये जाने का परिणाम है कि बिजली चोरी करने वालों के हौसले लगातार बुलंद होते चले जा रहे है। सालीचौका में खुलेआम हो रही बिजली चोरी को लेकर क्षेत्र के लोगों का कहना है कि क्षेत्र जिस प्रकार बिजली विभाग द्वारा अपने निष्ठावान उपभोक्ताओं को मनमाने बिल दिये जा रहे है उसमें वह बिल भी शामिल किये जा रहे है जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार कायम थी और उसके द्वारा सभी के बिद्युत बिल माफ करने की बात कहने के साथ साथ कोरोना काल के दौरान प्रदेश की वर्तमान सरकार द्वारा भी उपभोक्ताओं के बिजली बिलों को माफ करने की घोषणा की गई थी। मगर अब देखा जा रहा है कि बिजली विभाग द्वारा पूर्व में शून्य किये गये बिलों को जोड़कर आम उपभोक्ताओं से बसूली की जा रही है जिसके चलते



जहां निष्ठावान विद्युत उपभोक्ता जहां बिजली विभाग की मनमानी से परेशान होते हुये देखे जा रहे है तो दूसरी ओर चोरी से बिजली का उपयोग करने वाले अधिकारियों की कृपा दृष्टि के चलते मजे में दिखाई दे रहे है? बताया जाता है कि जिस तरह बिजली विभाग द्वारा उपभोक्ताओं के घरों में मीटर लगाते हुये उसकी रिडिंग के आधार पर बिल बसूले जाते है उसी प्रकार से सालीचौका क्षेत्र के लिये भी निर्धारित मात्रा में उच्च स्तर पर बिजली सप्लाई करते हुये उसका लेखा जोखा रखा जाता है और संपूर्ण क्षेत्र का लेखा जोखा करते हुये संबंधित वितरण केन्द्र के कार्यालय को बसूली का जिम्मा सौपा जाता है। वितरण केन्द्र को उच्च स्तर से मिले हुये बिल में चोरी से बिजली उपयोग करने वालें की खपत भी शामिल हो जाती है और उसी अंतर को पूरा करने के लिये स्थानीय स्तर पर बिजली विभाग द्वारा निष्ठावान उपभोक्ता जिनके घरों में मीटर लगे हुये होते है उनके बिलों में इजाफा करते हुये बसूली की जाती है।

## भगवान श्रीकृष्ण व रूकमणी के शादी में जमकर नाचे भक्त, प्रभु की कृपा के लिये भक्ति की आवश्यकता होती है: सूर्यकांत शास्त्री







**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

समीपस्थ ग्राम शाहपुर में धमनी वाले कौरव परिवार द्वारा परम पिता परमेश्वर की कृपा व पूर्वजों के आर्शीवाद से आयोजित कराई जा रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन में कथावाचक के रूप में पधारे हुये पं. सूर्यकांत शास्त्री दिल्हैरी धाम द्वारा बीते हुये 12 मई से अपनी अमृतमयी वाणी के माध्यम से भगवान की लीलाओं का वर्णन सुनाते हुये श्रोताओं को भक्ति में लीन होने के लिये मजबूर करते हुये देखे जा रहे है। वही श्रीमद भागवत कथा के आयोजन के छटवें दिवस कथा वाचक पंडित सूंर्यकांत शास्त्री द्वारा श्रोताओं को श्रीमद् भगवात कथा भगवान श्रीकृष्ण व देवी रूकमणी के विवाह का अपने मुखर बिंद से निकली दिव्य वाणी से वर्णन सुनाया गया। इस दौरान भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मणी का वेश धारण किए बाल कलाकारों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत कर विवाह के मंगल गीत गाकर नृत्य किया। वही पंडाल में मौजूद भक्तों की तालियों से संपूर्ण वातावरण धर्म की गंगा में गोता लगाते हुये देखा गया। इस दौरान महाराज जी ने श्रद्धालुओं को कथा के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि रुक्मणी विदर्भ देश के राजा भीष्म की पुत्री और साक्षात लक्ष्मी जी का अवतार थी। रुक्मणी ने जब देवर्षि नारद के मुख से श्रीकृष्ण के रूप, सौंदर्य एवं गुणों की प्रशंसा सुनी तो उसने मन ही मन श्रीकृष्ण से विवाह करने का निश्चय कर लिया था। मगर रुक्मणी का बड़ा भाई रुक्मी श्रीकृष्ण से शत्रुता रखता था और अपनी बहन का विवाह राजा दमघोष के पुत्र शिशुपाल से कराना चाहता था। मगर देवी रुक्मणी को जब इस बात का पता चला तो उन्होंने एक ब्राह्मण संदेश वाहक द्वारा श्रीकृष्ण के पास अपना परिणय संदेश भिजवाया। तब भगवान श्रीकृष्ण विदर्भ देश की नगरी कुंडीनपुर पहुंचे और वहां बारात लेकर आए शिशुपाल व उसके मित्र राजाओं शाल्व, जरासंध, दंत वक्त्र, विदु रथ और पौंडरक को युद्ध में परास्त करके रुक्मणी का उनकी इच्छा से हरण कर लाए। तत्पश्चात श्रीकृष्ण ने द्वारिका में अपने संबंधियों के समक्ष रुक्मणी से विवाह किया। इस दौरान कथा वाचक शास्त्री जी ने कहा कि प्रभु की कृपा के लिए भक्ति की आवश्यकता है, क्योंकि इस कलयुग में यदि ईश्वर से नाता नही जोड़ा गया तो मानव जीवन की नैया पार नही लग सकती है। महाराज जी ने बताया कि ग्वाल कृष्ण ने अपने मामा का नहीं बल्कि उसके अहंकार का वध किया। द्वापर युग में जब कंस का अत्याचार बढ़ा तब भगवान विष्णु ने मनुष्य रूप में श्रीकृष्ण का जन्म लेकर बड़े-बड़े राक्षसों का वध करने के बाद अंत में पापी कंस का वध कर लोगों को उसके अत्याचारों से छुटकारा दिलाया। इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण ने मथुरा नरेश के रूप में विराजमान होने के साथ देवी रूकमणी से धूमधाम से विवाह किया। कथा के छटवे दिवस जब मंच पर जैसे ही श्रीकृष्ण-रूकमणी का प्रार्दूभाव हुआ। श्रीहरि के जयघोष से पूरा पांडाल गूंज उठा। कथा वाचक पंडित रमाकांत शास्त्रभ द्वारा उद्घोषित मंत्रोचार के बीच जैसे ही विवाह का कार्य संपन्न हुआ तो श्रद्धालुओं की भीड़ ने पुष्प वर्षा की गई वही पंडाल में सारा जनमानस भाव विभोर होकर झूम उठा। इस दौरान सुदामा चरित्र कथा का वर्णन करते हुए कथा वाचक कहा कि, कृष्ण और सुदामा जैसी मित्रता आज कहां है। यही कारण है कि आज भी सच्ची मित्रता के लिए कृष्ण-सुदामा की मित्रता का उदाहरण दिया जाता है। द्वारपाल के मुख से सुदामा सुनते ही द्वारिकाधीश नंगे पांव मित्र की अगवानी करने पहुंच गए। लोग समझ नहीं पाए कि आखिर सुदामा में क्या खासियत है कि भगवान खुद ही उनके स्वागत में दौड़ पड़े। श्रीकृष्ण ने स्वयं सिंहासन पर बैठाकर सुदामा के पांव पखारे। कृष्ण-सुदामा चरित्र प्रसंग पर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा में रोजाना बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण करने पहुंच रहे हैं। आज पूर्ण आहूति के साथ कथा का समापन होगा।

# दिन के समय शहर में भारी वाहनों की धमाचौकड़ी दे रही बडे खतरे की ओर संकेत...?

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

महॅगी कारों मे घूमने प्राशनिक अधिकारी लाख दावा करें कि शहर की यातायात व्यवस्था मे पूर्वापेक्षा सुधार हो रहा है, लेकिन हकीकत यह है कि यहॉ की यातायात व्यवस्था अराजक है, जिसे पटरी पर लाने की पहले की गयी कवायद बेअसर साबित हुई है? शहर मे वाहनों की अधिकता के बावजूद जन सुरक्षा की जवाबदारी निभाने वाला विभाग अनियंत्रित गति से दिनरात धमाचौकडी करने वाली उन भारी भरकम ट्रकों पर ध्यान नही दे रहा है जो सारेआम सड़कों पर मौत का सायरन बजाकर असुरक्षा का माहौल निर्मित कर शहरवासियों को चिन्ता मे डाल रहे है। जबकि गौर किया जावे तो नगरवासियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये ही शहर के बाहर से वायपास मार्ग का निर्माण हुआ है। मगर इसके बाद भी बीते हुये कुछ दिनों से देखा जा रहा है कि शहर की मुख्य सड़क यानि की शासकीय चिकित्सायल मार्ग से होते हुये स्टेशन की ओर जाने वाले मार्ग पर जिस तरह बेगाम गित से डम्फर दौड़ते हुये देखे जा रहे है वह निश्चित तौर से एक बड़ी घटना के लिये बुलाबा देते हुये प्रतित होने से नही चूक रहे है? क्योंकि इस मार्ग पर जहां दिन भर भीड भाड का आलम बना रहता है तो दूसरी ओर इसी मार्ग से शहर के शासकीय कार्यालयों सहित स्टेशन के लिये आने जाने वालों की भीड़ देखने मिलती है तो दूसरी ओर शासकीय चिकित्सालय के लिये भी शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में मरीज आना जाना करते है। नगर में वायपास मार्ग का निर्माण होने के बाद भी शहर के




अंदर भारी भरकम डम्फरों की धमाचौकड़ी चिंता का विषय बनने से नही चूक रही है? इस तरह शहर की मुख्य सडकों पर धडल्लें से दौड़ रहे भारी भरकम ट्रक चालकों की हिमाकत के सामने लगता है कि यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने का ढोल पीटने वाले बौने साबित हो रहे है, जिसका परिणाम है कि शहर मे आवागमन जोखिम भर होता जा रहा है? समूचें शहर मे ट्रकों का कोलाहल, तेज ध्वनियॉ गॅूजने से शहरवासियों के सब्र का बांध टूट रहा है और भारी भरकम ट्रकों का नो एंट्री टाइम निश्चित होने के बाद भी उनका नगर में प्रवेश करना पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सबाल खडे कर रहा है? ज्ञात हो कि नगर में रही तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी सुश्री रंजना पाटने द्वारा नगरवासियों की मांग को ध्यान में रखते हुये सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा शाम 4 बजे से शाम 6 बजे तक नगर में भारी वाहनों के प्रवेश पर निषेध करते हुये स्थाई नो एन्ट्री लागू करने का आदेश पारित करते हुये उसे सुचारू कर दिया गया था जिसके चलते नगर के प्रवेश द्वारा पर नो एन्ट्री संबंधी वोर्ड भी लगे हुये है, वही लोगों का कहना है कि जब जब नगर में भारी वाहनों के प्रवेश को लेकर नो एन्ट्री लागू करते हुए नगर में प्रवेश करने वाले स्थलों पर वोर्ड स्थापित करते हुए समय निश्चित कर दिया गया है, मगर इसके बाद भी नगर धडल्ले से भारी वाहनों का प्रवेश होना पुलिस प्रशासन की उदासीनता का प्रमाण है?मगर प्रशासन द्वारा नगर में लागू की गई नो एन्ट्री की ओर ध्यान ही नही दिया जा रहा है जिसके चलते आम लोगों की जिन्दगी के लिए खतरा बना हुआ है।

## पुलिस की आंखों के सामने से गुजर रहे ओवर लोड वाहनों की सच्चाई को किया जा रहा नजर अंदाज

**सांईखेड़ा।** भले ही पुलिस द्वारा यातायात नियमों की दुहाई देते हुये जहां तहां सड़को पर खड़े होकर आये दिन छोटे वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही करते हुये उनके चालान काटने से नही चूकती है, मगर उन ओवर लोडिंग वाहनों को क्यों नजर अंदाज किया जाता है यह सच्चाई जहां समझ से परे होते हुये जान पड़ रही है, वही दूसरी ओर यही कारण क्षेत्र में घटित होने वाली बड़ी दुघर्टनाओं में तब्दील होने से नही चूकता है? यदि सांईखेड़ा क्षेत्र की सच्चाई पर गौर किया जावे तो क्षेत्र की सड़को पर जिस प्रकार से ओवर लोडिंग सवारी वाहन दौड़ते हुये देखे जा रहे है उसे देखकर इस बात का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है कि इस प्रकार की ओवर लोडिंग पुलिस की मिली भगत के बगैर हो पाना तो संभव हो ही नही सकता है?

# कलेक्टर ने ली बस संचालकों की बैठक

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बस संचालकों की बैठक ली। उन्होंने प्रत्येक रूट पर चलने वाली जिले में संचालित बसों की जानकारी ली। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि बसें निर्धारित बस स्टॉप से अधिक रुक रही है, महिला, पीएच की सीटों पर सामान्य लोग बैठ रहे हैं। कलेक्टर विकास मिश्रा ने बस संचालकों और यातायात संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में संचालित प्रत्येक रूट की बसें निर्धारित बस स्टॉप पर ही रूकें यह सुनिश्चित करें। साथ ही ऐसे ढ़ाबो, होटलों पर ही बस रूके जहां महिला एवं पुरूष दोनों वर्गों के लिए शौचालय की व्यवस्था हो।कलेक्टर ने यातायात के अधिकारियों को जिले में संचालित बसों की फिटनेस नियमित रूप से चेक करें और यह सुनिश्चित करें कि बसों में निर्धारित सीटों के अलावा अधिक सवारी न बिठाऐं। उन्होंने बस संचालकों से कहा कि ऐसे रूट



जहां पर बसें नहीं चल रही हैं वहां भी बसों का संचालन करें। रिजर्व सीट का विशेष ध्यान रखते हुए यातायात के नियमों का पालन करें। बसों में मेडीकल किट उपलब्ध रखे। आयोजित बैठक में कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को एक्सीडेंट जोन चिन्हित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि डायवर्सन के कारण भी दुर्घटना की आशंका होती है, ऐसे संभावित स्थानों को चिन्हित कर उचित कार्यवाही करें। ड्राइवर शराब पीकर गाड़ी न चलाए यह सुनिश्चित करें। साथ ही ड्राइवर एवं कन्डक्टर का स्वास्थ्य परीक्षण पश्चात ही वाहन में बैठें। हाइवे पर मिलने वाली पहुंच मार्गों पर अनिवार्य रूप से स्पीड ब्रेकर बनाए जाएं। बस संचालक यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए बसों का संचालन करें। कलेक्टर ने सड़क पर साइन बोर्ड, संकेतक बोर्ड तथा बारिश के पूर्व की आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। उक्त बैठक में आरटीओ डिण्डौरी अनिमेष गढ़पाल, पंकज डेहरिया सहित अन्य अधिकारी एवं बस संचालक मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब और मादक पदार्थ बिक्री के निरीक्षण के लिए टीम गठित करने के आदेश जारी

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** डिंडौरी जिले की सीमा के तहत राष्ट्रीय राजमार्गध्मुख्य मार्ग के किनारे स्थित ढाबा, होटल, रेस्टारेंट एवं लॉजों में मादक पदार्थ शराब का अवैध रूप से विक्रय करने वालों के विरूद्ध औचक निरीक्षण कर विक्रय करते पाये जाने पर दण्डात्मक कार्यवाही किए जाने के लिए कलेक्टर विकास मिश्रा ने आदेश जारी किए। निरीक्षण करने लिए अधिकारी दल गठित किया गया है। निरीक्षण दल प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डिण्डौरी एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बजाग को डिंडौरी से शहपुरा मार्ग, डिंडौरी से मण्डला मार्ग, डिंडौरी से बटौंधा मार्ग, डिंडौरी से समनापुर मार्ग, डिंडौरी से अमरपुर मार्ग, डिंडौरी से कबीरचबूतरा मार्ग, सागरटोला से चांड़ा मार्ग एवं गोरखपुर से बजाग मार्ग इसी प्रकार निरीक्षण दल प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शहपुरा को शहपुरा से जबलपुर मार्ग, शहपुरा से निवास मार्ग, शहपुरा से मेंहदवानी मार्ग एवं शहपुरा से धिरवनकला मार्ग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। निरीक्षण सहायक अधिकारी में तहसीलदार व अधिकृत अधिकारी कर्मचारी, जिला आबकारी अधिकारी व नामांकित सदस्य, संबंधित थाना प्रभारी जिला डिण्डौरी का बल तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन जिला डिंडौरी होंगे। निर्देशानुसार उक्त निरीक्षण दल जिले स्थित ढाबा, होटल, रेस्टॉरेंट व लॉजों का गहन निरीक्षण कर अवैध देशी विदेशी शराब का अवैधानिक रूप से पाये जाने पर दण्डात्मक कार्यवाही करते हुए जांच प्रतिवेदन 25 मई 2024 तक प्रस्तुत करेंगे। उक्त निरीक्षण दल भविष्य में सतत निगरानी किया जाना सुनिश्चित करें।

### एमआरपी से अधिक मूल्य पर मदिरा विक्रय किए जाने हेतु जारी निर्देश

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** न्यूनतम विक्रय मूल्य से कम मूल्य पर एवं निर्धारित अधिकतम विक्रय मूल्य से अधिक मूल्य पर मदिरा विक्रय किए जाने की स्थिति में कलेक्टर विकास मिश्रा ने आवश्यक निर्देश जारी किए। जिसके अनुसार न्यूनतम विक्रय मूल्य से कम और अधिकतम विक्रय मूल्य से अधिक मूल्य पर मदिरा विक्रय करने पर आबकारी विभाग को विशेष अभियान चलाने के लिए निर्देशित किया है। जिसके अंतर्गत जिले में पदस्थ जिला आबकारी अधिकारी तथा उनके अधीनस्थ आबकारी अमले द्वारा जिले में स्थित मदिरा दुकानों के रोस्टर अनुसार तथा इसके अतिरिक्त आकस्मिक निरीक्षण कर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। साथ ही जिला आबकारी अधिकारी को निर्देशित किया है कि कम्पोजिट मदिरा दुकान का लायसेंस, मांग अनुसार जमा न्यूनतम कर की स्थिति, कम्पोजिट दुकानों पर संग्रहित मदिरा का परमिट, मदिरा दुकानों पर कार्यरत अभिकर्ताओं की जानकारी का निरीक्षण अवश्य रूप से करें।

### जहरीले कीड़े के काटने से उपचार के दौरान युवती की मौत



**अनूपपुर।** कोतवाली थाना अनूपपुर अंतर्गत बरबसपुर गांव की निवासी स्वर्गीय सीताराम पांडेय की 25 वर्षीय पुत्री आयुषी पांडेय उर्फ शिल्पी जो गुरुवार एवं शुक्रवार की मध्य रात्रि प्रत्येक दिन की तरह घर में कमरे में पलंग पर परिजनों के साथ सो रही थी तभी शुक्रवार की सुबह अचानक एक जहरीले कीड़े ने बाएं हाथ के कोहनी के पास काट लिया जिसे परिजनों द्वारा गंभीर हालत में होने पर उपचार हेतु जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया जिसकी उपचार दौरान दर्दनाक मौत हो गई। घटना की ड्यूटी डॉक्टर द्वारा दिए जाने पर जिला अस्पताल पुलिस द्वारा मृतिका के परिजनों की उपस्थिति में पंचनामा एवं पीएम की कार्यवाही की है। घटना की जानकारी लगते ही पांडे परिवार के साथ अन्य परिचित भी सदमे में है।

## शासकीय आईटीआई डिंडौरी के छात्र संतोष मरावी ने बढ़ाया नगर का मान



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** देश की सबसे बड़ी कौशल प्रतियोगिता इंडिया स्किल्स 2024 का आयोजन दिल्ली में किया जा रहा है, जिसमें 61 श्रेणियों में पूरे भारत से आए 900 छात्र और 400 से अधिक उद्योग विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं।राष्ट्रीय स्तर की कौशल प्रतियोगिता में वेल्डिंग श्रेणी में चयनित होकर संतोष मरावी ने जिले का गौरव बढ़ाया है। उन्हें डिंडौरी जिले का प्रतिनिधित्व राष्ट्रीय स्तर पर करने का अवसर जिला व राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करने के बाद प्राप्त हुआ। संतोष मरावी को उन छात्रों में से शार्टलिस्ट किया गया है। जिन्होंने स्किल इंडिया डिजिटल हब पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराया था। पोर्टल पर पंजीकृत लगभग 2.5 लाख छात्रों में से प्रथम चरण में 26 हजार छात्र चयनित हुए, जिनमें देश भर से 900 छात्रों का चयन इंडिया स्किल्स 2024 के लिए हुआ। ज्ञात हो कि यह प्रतियोगिता 2 वर्ष में एक बार आयोजित की जाती है। संतोष मरावी का चयन क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा है। जिला प्रशासन ने संतोष मरावी को चयन के लिए शुभकामनाएं दी।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना के संबंध में चन्द्रविजय कॉलेज में ली बैठक

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर विकास मिश्रा ने मतगणना के संबंध में बैठक का आयोजन किया जिसमें उन्होंने अधिकारियों के साथ मतगणना तैयारियों का जायजा लिया। उक्त बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी सरोधन सिंह, अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम, शहपुरा विधानसभा एआरओ अनुराग सिंह, डिंडौरी विधानसभा एआरओ रामबाबू देवांगन, संयुक्त कलेक्टर सुश्री भारती मेरावी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर विकास मिश्रा ने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया और मतगणना के लिए की जा रही तैयारियों के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने



मतगणना के दिन निर्बाध विद्युत व्यवस्था के लिए एमपीईबी के कार्यपालन यंत्री राकेश बघेल को निर्देशित किया।पीडब्ल्यूडी कार्यपालन यंत्री एसएस ठाकुर ने मतगणना स्थल पर आवश्यक बैरिकेट और अन्य व्यवस्थाओं के बारे में बताया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर ने डीआईओ एनआईसी अभिनव साहू को मतगणना स्थल पर कम्प्यूटर, स्कैनर एवं फोटोकॉपी मशीन के संबंध में निर्देशित किया।जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना के दिन के लिए भोजन व्यवस्था के संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी एके श्रीवास्तव से जानकारी ली और भोजन व्यवस्था के लिए स्थल का निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर ने मतगणना के बनाए गए काउंटिंग रूम, माइक्रो आब्जर्बर रूम, काउंटिंग टेबलों की स्थिति, मतगणना के दौरान जारी किए जाने वाले पास, मतगणना स्थल के लेआउट, मीडिया कक्ष, पुलिस कक्ष के संबंध में अधिकारियों से विस्तार से चर्चा की। शेष तैयारियों को पूरा करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।



## श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का समापन आज

**हरिभूमि न्यूज अमरपुर।** जनपद पंचायत मुख्यालय अमरपुर के धुर्वे टोला निवासी चंद्रबहादुर धुर्वे एवं उनकी धर्मपत्नी हरिवती धुर्वे द्वारा श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन किया गया हैं। भागवत कथा वाचक आचार्य तरूण कृष्ण शास्त्री जी श्रीधाम वृंदावन वाले के मुखारविंद से सुनाया जा रहा हैं। श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा 10 मई से 18 मई तक आयोजित किया गया हैं। कथा प्रतिदिन प्रातः 8.30 से 11.30 बजे तक संस्कृत मूल पाठ एवं दोपहर 2.30 से शाम 6 बजे तक हिंदी प्रवचन सुनाया जा रहा हैं। श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा शुभारम्भ से पूर्व गांव में भव्य कलश शोभा यात्रा के बाद देव पूजन व्यास पूजन किया गया। श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा के पहले दिन भागवत माहात्म्य, शुकदेव चरित्र कथा, दूसरे दिन कपिल उपाख्यान, ध्रुव चरित्र, तीसरे दिन अजामिल उपाख्यान, प्रहलाद चरित्र, चैथे दिन श्रीराम चरित्र, कृष्ण जन्मोत्सव, पांचवें दिन पूतना उद्धार, बाल लीलाओं का वर्णन, गोवर्धन पूजन, छठवें दिन कंस वध, कृष्ण रुकमणी मंगल एवं सातवें दिन सुदामा चरित्र परीक्षित मोक्ष की विविध कथा सुनाई जा रही हैं। श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा सुनने के लिए गांव के अलावा आस पास गांवों से भक्तगण भी भारी गर्मी के बावजूद बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कथा श्रवण कर धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं। वहीं आज 18 मई को गीता पाठ, पूर्णाहूति, हवन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया हैं।

## बाल विवाह रोकने के लिए जिला प्रशासन सक्रिय

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** आज ग्राम दामीतितराही एवं पोंडी में बाल विवाह की सूचना प्राप्त हुई, जिस पर कार्यवाही करते हुए महिला बाल विकास विभाग एवं पंचायत विभाग द्वारा ग्राम में हो रहे बाल विवाह को रोका गया। संयुक्त टीम ने परिवार को समझाइश देकर समझाया कि विवाह के लिए लड़की की आदर्श आयु 18 वर्ष और लड़के की आदर्श आयु 21 वर्ष है। समझाइश के बाद परिवार के सदस्यों ने सहमति से निश्चय किया कि आदर्श आयु में ही विवाह संपन्न करेंगे। जिला प्रशासन लगातार बाल विवाह रोकने के लिए सार्थक प्रयास कर रहा है। बाल विवाह



होने की सूचना प्राप्त होने पर महिला बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग, जनपद पंचायत और राजस्व विभाग के संयुक्त अमले ने बाल विवाह के बारे में वर वधु के माता पिता को समझाया, समझाइश के साथ ही ये भी बताया गया कि बाल विवाह करना और करवाना एक कानूनी अपराध है, बाल विवाह करने वालों के समस्त शासकीय लाभ पर प्रतिबन्ध लग जाता है, समझाइश के बाद दोनों पक्ष ने सहमति के साथ विवाह योग्य आयु होने पर ही विवाह करने का लिखित वचन दिया, जिला प्रशासन की तत्परता के फलस्वरूप बाल विवाह रोकने में सफलता प्राप्त हुई। ज्ञात हो कि कल मेंहदवानी विकासखंड के ग्राम खरगवारा में भी संयुक्त टीम के प्रयासों से बाल विवाह को रोकने में सफलता प्राप्त हुई है।

### जिले के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश प्रक्रिया हेतु पंजीयन

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** जिले के अंतर्गत संचालित शासकीय आईटीआई डिंडौरी शहपुरा एवं नवीन शासकीय आईटीआई करंजिया, बजाग, समनापुर, मेहंदवानी एवं अमरपुर में कुल 492 सीटों के लिए आईटीआई में प्रवेश हेतु पंजीयन की प्रक्रिया चल रही है जिसकी अंतिम तिथि 20 मई निर्धारित की गई है। आईटीआई प्रबंधन से मिली जानकारी अनुसार इलेक्ट्रीशियन, वेल्डर,टर्नर, फिटर, डीजल मैकेनिक, मोटर मैकेनिक, स्विंग टेक्नोलॉजी, सोलर टेक्नीशियन, कंप्यूटर ऑपरेटर एण्ड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट के तकनीकी प्रशिक्षण के लिए प्रवेश के पंजीयन की प्रक्रिया 20 मई निर्धारित की गई है। तकनीकी ज्ञान एवं कौशल के क्षेत्र में स्वरोजगार और रोजगार के अवसर व भविष्य निर्माण के लिए न्यूनतम दसवीं कक्षा पास आवेदक प्रवेश प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं ऐसे आवेदक जो शासन के नियम अनुसार छात्रवृत्ति हेतु पात्र हैं उन्हें छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी अधिक जानकारी के लिए शासकीय आईटीआई शहपुरा एवं डिंडौरी से संपर्क करें।

## स्थापना दिवस पर आयोजित होने वाले स्वास्थ्य शिविर का पुलिस कर रही प्रचार

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** जिला स्थापना दिवस के अवसर पर आगामी 26 मई को बजाग विकासखंड अंतर्गत वन ग्राम चाडा में आयोजित मेगा स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाने हेतु समनापुर पुलिस ने भी प्रयास तेज कर दिये हैं।इसी कड़ी में शुक्रवार को साप्ताहिक बाजार के दौरान पुलिस कप्तान श्रीमती वाहिनी सिंह के निर्देश पर समनापुर थाना प्रभारी निरीक्षक कामेश धुमकेती ने अपनी टीम के साथ बाजार भ्रमण किया और चाडा चलो गीत के माध्यम से शिविर का प्रचार किया।इस दौरान यूनिफॉर्म फोर्स ने स्वास्थ्य अमले के साथ मिलकर शिविर की जानकारी ग्रामीणों के साथ सांझा की है और लोगों को स्वास्थ्य लाभ हेतु जगरूक करके शिविर में आमंत्रित किया है।



## फसल अवशेष न जलाएं भूमि की उपजाऊ शक्ति बढ़ाएं व पर्यावरण बचाएं

**अनूपपुर।** उप संचालक कृषि ने ग्रीष्मकालीन फसलों के अवशेषों को न जलाने की अपील की है। उन्होंने बताया है कि इस तरह से भूमि की उपजाऊ शक्ति को बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने फसल अवशेष जलाने से होने वाले नुकसान के बारे में भी अवगत कराया है। उन्होंने बताया है कि फसल अवशेष जलाने से हानिकारक गैसे निकलती हैं, जो मनुष्यों व पशुओं के स्वास्थ्य के लिये गम्भीर खतरा है। अवशेष जलाने से उठने वाले धुएं से कार्बनडाइ आक्साइड, कार्बन मोनोआक्साईड, मीथेन, नाईट्रिक आक्साईड, आदि हानिकारक गैसे उत्पन्न होती हैं, जो वातावरण को प्रदूषित करती है। फसलों के अवशेष में आग लगाने से भूमि की ऊपरी परत पूरी तरह जलकर कठोर हो जाती है। जिससे भूमि में वायु व जल का संचार घट जाता है। साथ ही भूमि में रहने वाले लाभदायक जीवो व अदृश्य सुक्ष्म जीवो की संख्या कम हो जाती है। मित्र जीवाणुओं की संख्या कम होने पर जमीन की उपजाऊ शक्ति कम हो जाती है। इसके साथ ही पशुओं के लिये चारे की उपलब्धता कम हो जाती है। धुंए की वजह से आंखों में जलन व धुंधलापन व सांस रोगियों को सांस लेने में दिक्कत का भी सामना करना पड़ता है। फसल अवशेष जलाने से हानिकारक गैसों का उत्सर्जन होता है, जिससे वायुमंडल का तापमान बढ़ता है और फसलों की उत्पादकता पर प्रतिकूल असर पड़ता है। फसल अवशेष को जमीन में मिलाने से है फायदे उप संचालक कृषि ने फसल अवशेष को जमीन में मिलाने से होने वाले फायदे के बारे में भी बताया है। उन्होंने बताया है कि फसल अवशेषों को लगातार 3-4 वर्ष खेतो में मिलाने से पोषक तत्वों की वृद्धि होती है एवं सिंचाई की बचत होती है। मृदा का पीएच मान ठीक रहता है एवं उर्वरकों की उपलब्धता व स्थिरीकरण अधिक समय तक रहता है। भूमि एवं वातावरण में प्रदूषण नही फैलता है। फसल अवशेषों को जमीन में मिलाने पर उत्पादकता स्तर में वृद्धि होती है।

## 18 मई अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर विशेष

### जिले में भी मौजूद है संग्रहालय

**अनूपपुर।**

संस्कृति के संरक्षण में संग्रहालय की भूमिका होती है अनूपपुर 17 मई 18 मई को विश्व संग्रहालय दिवस है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य यही है कि हम अपने आसपास की प्राचीन धरोहरों, अवशेषों को सहेज कर रखें जिससे हम और हमरी आने वाली पीढ़ी इसका गौरवशाली इतिहास और महत्व जान सके। प्रदेश की संस्कृति एवं धरोहरों को संरक्षित रखने एवं प्रचारित करने के लिये म.प्र. टूरिज्म बोर्ड भी संकल्पित है। सम्पूर्ण शहडोल संभाग में आज भी कई ऐसी धरोहरें हैं। किसी भी क्षेत्र का इतिहास जानना हो तो उस क्षेत्र का संग्रहालय अवश्य देखना चाहिए इससे क्षेत्र का ऐतिहासिक काल, मूर्तिकला, शासक और संस्कृति का पता चलता है, इन्ही सबको ध्यान में रखकर 1981 तीर्थंकर महावीर पुरातत्व संग्रहालय की स्थापना की गयी थी। इसका उद्देश्य जिले की पुरातात्विक धरोहरों को सहेजना और उसका महत्व बताना है। इस संग्रहालय में अनूपपुर, शहडोल और उमरिया जिले की तीसरी सदी से लेकर तेरहवीं सदी तक प्राचीन मंदिरों से और खुदाई में मिली मूर्तियां, कलचुरी वंश की मूर्तियां, मिट्टी के बर्तन, शिल्पियों द्वारा बनाई गई कलाकृति और पुरातत्व के अवशेष, पाषाण कालीन पत्थर के औजार मौजूद है। शोध



करने वाले छात्रों के लिए संग्रहालय स्वयं जीता जागता इतिहास है जहां वे प्रत्यक्ष रूप से इन्हे देख सकते हैं और अध्ययन कर जानकारी एकत्रित कर सकते है।

### जिले में भी मौजूद है संग्रहालय


अनूपपुर जिला मुख्यालय से मात्र 65 कि.मी. की दूरी पर स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय वि. वि. के ट्राइबल म्यूजियम में जिले में पाई जाने वाली विशेष जनजातीय धरोहरों को संजो कर रखा गया है जैसे कि पहनावा, आभूषण, औशधीय वस्तुएं, जिले में बनाए जाने वाले मिट्टी के बर्तन, बांस से बनाई गई वस्तुएं, बैलगाड़ी की साज-सज्जा की वस्तुएं, कृषि में इस्तेमाल किये जाने वाले उपकरण व औजार, वाद्ययंत्र, मुखौटे आदि।

### हो रहे हैं संरक्षण के उपाय

सम्पूर्ण संभाग का प्राचीन इतिहास अत्यंत गौरवशाली और समृद्ध रहा है। संभाग के तीनों जिलों में खुदाई में अनेक प्राचीन मंदिर, गढ़ी, प्राचीन बावड़ियां, मूर्तियां, प्राचीन मूर्तियों के अवशेष मिले हैं। आज भी अनेक स्थानों में शोध कार्य जारी है। अमरकंटक स्थित प्राचीन कलचुरी कालीन मंदिर समूह, माँ नर्मदा उद्गम स्थल एवं मंदिर समूह, प्राचीन गणेश मंदिर धरहरकलां, ग्यारहवीं शताब्दी का शिव मारुति मंदिर समतपुर, गाज मंदिर, प्रथम शताब्दी ईसवी सहित अनेक प्राचीन अवशेष एवं प्रतिमा पाई गई है जिनके संरक्षण हेतु जिला प्रशासन और मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा राज्य पुरातत्व विभाग और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण संस्थान से समन्वय कर आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### श्रीदेव ठाकुर बाबा मंदिर में मोनू भैया की पुण्य स्मृति पर विशाल भंडारा कल



**नरसिंहपुर** । स्थानीय समाजसेवी प्रिय कीर्तिशेष स्व. मणिनागेंद्र सिंह पटेल मोनू भैया की प्रथम पुण्य तिथि पर लगातार विविध कार्यक्रम आयोजित जारी है इसी क्रम में निज निवास पर श्रीमद् भागवत कथा महापुराण एवं मूल पाठ के संपन्न होने पर विशाल भंडारा प्रसादी वितरण का आयोजन श्री देव ठाकुर बाबा मंदिर परिसर में दिनाक 19 मई 2024 दिन रविवार को शाम 05 बजे से किया गया है यजमान जालम सिंह पटेल - श्रीमति सुमनलता पटेल, मुलायम सिंह पटेल- श्रीमति यशोदाबाई पटेल, प्रहलाद सिंह पटेल- श्रीमति पुष्पलता पटेल, सरदार सिंह पटेल - श्रीमति कल्पभालता पटेल युवा समाजसेवी प्रबल सिंह पटेल श्री देवठाकुर बाबा मंदिर समिति गोटेगांव,मोनू भैया मित्र मंडल एवं श्री मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन ने सभी आत्मीयजन, स्नेहीजन, माताएं बहनें एवम् नगर वासियों को सादर आमंत्रित किया है ।

### मुक्ति साहू का सुयश



**नरसिंहपुर** । विगत दिवस लिटिल फ्लावर हायर सेकेंडरी स्कूल पाथाखेड़ा जिला बैतूल में 8 वीं क्लास में अध्ययनरत छात्रा मुक्ति साहू ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 77.5ः अंक अर्जितकर अपने माता-पिता के साथ संपूर्ण क्षेत्र व जिले का नाम किया रोशन,छात्रा संजय श्रीमती कविता साहू की सुपुत्री एवं पत्रकार आशीष साहू की लाडली भांजी हैं । सफलता का श्रेय, शिक्षक शिक्षिकाओं व अपने मातापिता को दिया, शिक्षक शिक्षिकाओं शाला परिवार व शुभचिंतकों शुभकामनायें प्रेषित की ।

### विश्व शांति के नव दिवसीय अनुष्ठान



**राजमार्ग** । वैशाख माह के शुभ अवसर पर गंगा सप्तमी से पूणिमा तक महामृत्युंजय रूद्री निर्माण रूद्राभिषेक श्रीमद्भागवत परायण नवग्रह शांति एवं विश्व शांति हेतु माँ नर्मदा उत्तर तट छात्रावास के पास ढोड़ा वाले गुरु पं लक्ष्मी नारायण तिवारी के सानिध्य में वनारस एवं वृंदावन से पधारे हुए ब्राम्हणो द्वारा नव दिवसीय अनुष्ठान किया जा रहा है स इस अनुष्ठानी ब्राम्हणपं राजा राम चतुर्वेदी, पं आशुतोष मिश्रा,पं राकेश तिवारीपं चंद्कांत चैबे ,पं सूरज महाराज पं अजय दुबे पं जितेंद्र तिवारी,पं नील कुमार के द्वारा अनुष्ठान किया जा रहे । अनुष्ठान के दौरान मुख्य यजमान भाजपा जिला अध्यक्ष अभिलाष मिश्रा जिला उपाध्यक्ष शीला देवी ठाकुर भगवान, अजब सिंह रघुवंशी जयप्रकाश लोधी, यशपाल लोधी, मीता बाई डॉ प्रदीप,सत्यम रघुवंशी डाल चंद ,महेश रघुवंशी, डॉ हरगोबिन्द सिंह अनुराग तिवारी भागीरथ तिवारी , सुभाष तेनगुरिया, गीत गोविंद पटेल और समस्त भक्त परिवार शिव मंदिर नर्मदा उत्तर तट उपस्थित रहते है।

### बिजली गिरने से एक की मौत

**नरसिंहपुर**। जिले के मुंगवानी थाना अंतर्गत रोहिया पटी निवासी दो व्यक्ति खेत में मूंग की फसल इकठ्ठी कर रहे थे उसी दौरान बारिश होने लगी और वह घर आने लगे आम के पेड़ के नीचे से निकल रहे थे तभी अचानक आकाशीय बिजली गिर गई और जिसमें कृष्णलाल और शिवकुमार दोनों बेहोश हो गए वही परिजनों को सूचना मिलने पर उन्हें 108 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने कृष्णलाल को मृत घोषित कर दिया वही शिवकुमार का इलाज किया जा रहा हैं।

### श्रध्दांजलि सभा सम्पन्न

**करेली** । स्थानीय महात्मा गांधी स्नाकोत्तर महाविद्यालय करेली में पूर्व में कार्यरत वर्तमान में सेवा निवृत्त सहायक प्राध्यापक डॉ. डी.सी. पाण्डे के आकस्मिक देहावसान पर श्रध्दांजलि सभा आयोजित की गई।

## 38 वाहन चालाकों से वसूला ढेड़ लाख से अधिक का जुर्माना

# एक दिन एक रोड अभियान के तहत की कार्रवाई

गत दिवस यातायात तथा थाना पुलिस के संयुक्त तत्वधान मे पुलिस द्वारा एक दिन एक रोड अभियान के तहत वाहना चालकों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुये जुर्माना वसूला गया ।

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।





पुलिस ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कान फाड़ू, तेज आबाज सायलेंसर वाले 4 वाहनों, बिना हेलमेट पहने 38 वाहन चालकों एवं सीट बेल्ट पहनकर वाहन न चलाने वाले 39 चालकों के काटे गये चालान, किया गया 153600 रूपये समन शुल्क वसूल एवं रोड पर दुकान लगाकर यातायात बाधित करनें वालों दी गयी हिदायत।

### दुकानदारों को दी गई समझाइश

जिला में चलाए जा रहे एक दिन एक रोड अभियान का मुख्य उद्देश्य जिला अंतर्गत मुख्य नगरीय एवं व्यस्तम क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था में सुधार लाने एवं यातायात बाधित करने वाले दुकानदार, हाथ ठेले एवं नियम विरूद्ध वाहन चलाने वाले चालकों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करना है ताकि आमजनों को असुविधा का सामना न करना पडे साथ ही जिले में घटित होने वालें अपराधों पर अुकंश लगाया जा सके।

### चालान वसूल कर निकाले गये कानफाड़ू साइलेंसर

तेज आबाज वाले कान फाडू सायलेंसर वाले दो पहिया वाहनों के विरूद्ध की जा रही कार्यवाही की गई। पुलिस अधीक्षक, नरसिंहपुर अमित कुमार को लगातार बुलट मोटर सायकिल सवारों के द्वारा तेज साउड वाले एवं मॉडीफाई साइलेंसर लगवाकर धमा-चैकड़ी मचाये जाने की शिकायत मिल रही थी। शिकायते प्राप्त होने पर तेज साउड वाले एवं मॉडीफाई कान फाडुसाइलेंसर लगवाकर धमा-चैकड़ी मचाने वाले बुलट मोटर सायकिल चालकों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में विगत एक सप्ताह में कान फाडू, तेज आबाज सायलेंसर वाले 4 वाहनों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही की जाकर उनके सायलेंसर निकाले गये है।

### यातायात बाधित करने वालों को दी समझाईश

जिले में चलाए जा रहे अभियान एक दिन एक रोड के तहत यातायात पुलिस नरसिंहपुर एवं स्थानीय थाना पुलिस टीमों द्वारा जिले के मुख्य नगरीय क्षेत्रों में कार्यवाही करते हुए ऐसे दुकानदार जो अपनी दुकान का सामान रोड पर रखकर यातायात बाधित करते है एवं हाथ ठेले वाले दुकानदारों को निर्धारित स्थान पर लगवाया गया एवं भविष्य में रोड पर दुकान न लगाने की हिदायत दी गयी साथ ही चेतावनी दी गयी कि आपके द्वारा पुनः नियमों का उल्लंघन किया जाता है तो आपके विरूद्ध चालानी कार्यवाही की जावेगी।

### वाहन चालकों से वसूला जुर्माना

उल्लेखनीय है कि जिले में यातायात व्यवस्था में सुधार हेतु पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन में एक दिन एक रोड अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत यातायात नियमों के प्रति आमजनों को जागरूक भी किया जा रहा है एवं नियम विरूद्ध वाहन चलाने वालों के विरूद्ध चलानी कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। इसी क्रम में विगत एक सप्ताह में 380 बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले, 39 बिना सीट बेल्ट वाले, चालान काटे गए जिनसे 153600 रूपये समन शुल्क वसूल किया गया है।



## पक्षियों के लिए लगाए सकोरे

हरिभूमि न्यूज - करेली ।

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड करेली अंतर्गत श्रीमती माधवी पाठक( विकासखंड समन्वयक करेली) के कुशल मार्गदर्शन में शासकीय सीएम राइस उत्कृष्ट विद्यालय करेली में पक्षियों के दाना पानी के पात्र विभिन्न निर्धारित स्थान पर रखे गए ताकि पक्षियों को पानी पीने में आसानी हो एवं अत्यधिक गर्मी में सहजता से समय पर उन्हें दाना वा पानी पीने को मिल सके , इसके साथ ही उपस्थित सभी लोगों ने जल संरक्षण एवं संवर्धन के साथ जल के समुचित एवं मितव्ययिता पूर्ण उपयोग हेतु शपथ भी ली ताकि भावी जल संकट से निजात मिल सके तथा अभी से जल संरक्षण कर जल को संचय किया जा सके, भविष्य में भी जल की उपलब्धता सहजता से हो। उपस्थित सभी लोगों ने शपथ ली उक्त महत्वपूर्ण कार्य में श्रीमती माधवी पाठक, मीना मंडलोई नवांकुर सखी मिलन महिला संघ करेली के साथ भगवान सिंह लोधी नवांकुर संस्था रमपुरा, राधेश्याम मलाह नवांकुर संस्था पिपरहा, रघुनंदन लोधी नवांकुर संस्था घूरपुर , तथा सी एम सी एल डी पी पाठ्यक्रम अंतर्गत परामर्शदाता दुर्गेश कुमार गुमास्ता , राजेश सराठे , श्रीमती योगिता पटेल , श्रीमती वंदना झरिया के साथ-साथ एमएसडब्ल्यू , बीएसडब्ल्यू पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं में ऋषि राज कुशवाहा, दीक्षा चैहान, , रितु कौरव ,रामकुमार विश्वकर्मा ,जितेंद्र कौरव के साथ-साथ सभी छात्र- छात्राओ की उपस्थिति रही।

## गंगा सप्तमी में पर वाहनों का लगा जाम, की गई वसूली



हरिभूमि न्यूज - करेली ।

ग्राम पंचायत में लगातार विसंगतियां देखने को मिलती है स ऐसा ही एक मामला करेली जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बरमान कला में देखने को मिला मंगलवार को मां नर्मदा नदी में स्नान करने के लिए लाखों की संख्या में श्रद्धालु भक्त जनों का आना हुआ स जो भी श्रद्धालु भक्तजन दो पहिया चार पहिया वाहन , टैक्टर ट्राली से सागर ,दमोह, रायसेन जिले से आए पर इन वाहनों को रोकने की समुचित व्यवस्था ग्राम पंचायत बरमान कला के द्वारा नहीं की गई और मेन रोड , रेस्ट हाउस जाने वाली सड़क, बरमान नर्मदा नदी तक जाने वाली सड़कों पर लंबा जाम लगा रहा स वाहनों की समुचित रुकने की व्यवस्था नहीं करने के कारण यह समस्या उत्पन्न हो गई और तो और और इन वाहनों से 10 और 20 के साथ-साथ अन्य राशि की वसूली आनप शब्दो का कहते हुए नजर आए स इन वसूली करने वालों के पास न तो कोई आई कार्ड था और न ही कोई परमिशन रखने बाला व्यक्ति समझ में नहीं आया स जब इस संबंध में ग्राम के सचिव अरुण शर्मा से बुधवार दोपहर को जानकारी ली गई थी तो कहने लगे कि पंचायत में वसूली करने बालो से 10 प्रतिशत राशि ली जाती है पर सचिव यह नहीं बता पाए कि वाहनों से कितना रुपया वसूला गया सग्राम पंचायत की सीमा के अंतर्गत वसूली करने वालों से कितनी राशि रुपया वसूला गया है तो वह नहीं बता पाए की कितनी राशि में गंगा सप्तमी में आने वाले वाहनों से कितनी राशि वसूली गई है स वसूली करने वालेकुल मिलाकर बरमान कला के ग्राम पंचायत दांवगो के हाथों में होने के कारण सब इस पंचायत में मनमानी जारी है ।



## गुरू महक कला केंद्र द्वारा दिया जा रहा पाक कला का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।

स्थानीय गुरू महक कला केन्द्र मे समर क्लास के तहत स्कूली बच्चों को पाक कला का प्रशिक्षण दिया जा रहा है । जिसमे विभिन्न व्यंजनों को बनाने की विधि तथा अन्य पाक कला सिखाई जा रही है । संचालिका श्रीमति रंजना नायक द्वारा आइसक्रीम की क्लास मे विभिन्न प्रकार की आइसक्रीम का प्रशिक्षण दिया जा रहा है ।

## 5वीं व 8वीं का पुनर्मूल्यांकन कार्य संपन्न



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।

गत दिवस शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर में जिला परियोजना समन्वयक डॉ. आरपी चतुर्वेदी व डाइट प्राचार्य एम आर खान के मार्गदर्शन में जिला स्तर पर कक्षा पांचवीं एवं आठवीं के विद्यार्थियों से प्राप्त आवेदन के आधार पर पुनर्मूल्यांकन का कार्य शुक्रवार को संपन्न हुआ। इस दौरान 1018 आवेदनों का पुनर्मूल्यांकन कर ऑनलाइन प्रविष्टि का कार्य किया गया। उल्लेखनीय है कि राज्य शिक्षा केन्द्र मप्र भोपाल के निर्देशानुसार जिला स्तर पर पांचवीं व आठवीं के विद्यार्थियों से प्राप्त आवेदन के आधार पर पुनर्मूल्यांकन का कार्य किया जा रहा था। जिला मूल्यांकन नोडल अधिकारी यजुवेंद्र सिलावट ने बताया कि जिले में पांचवी एवं आठवीं के पुनर्मूल्यांकन के लिए कुल 1018 आवेदन प्राप्त हुये। पुनर्मूल्यांकन के लिए कक्षा पांचवीं व आठवीं के विषयवार शिक्षकों, हेड वेल्युवर के माध्यम से पुनर्मूल्यांकन कर ऑनलाइन एंट्री कार्य पूर्ण किया गया। पुनर्मूल्यांकन में बीआरसी ओपी राय, सहायक नोडल एचपी कोरी, स्ट्रांग रूम प्रभारी आरपी शर्मा, राजकुमार कुशवाहा, हेड वेल्यूवर देवेंद्र पटेल, प्रतीक लोधी दीपक श्रीवास्तव, राजा नामदेव, अनिल लोधी, मुकेश दीक्षित सहित मूल्यांकन कार्य में लगे कर्मचारियों का सराहनीय सहयोग रहा।

## मातृ शक्ति श्रद्धा सम्वर्धन उपयात्रा शत प्रतिशत पंचायतों में भ्रमण

### प्रशस्ति पत्र देकर किया परिजनों को सम्मानित

तेंदूखेड़ा-



शांति कुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश जोन में 27 जनवरी 2024 से रथयात्रा का आयोजन हुआ जिसमें पहली बार गायत्री परिवार जिले की हर ग्राम पंचायत तक पहुंचा। जिले में विकास खंड वार तहसील इकाई मानते हुए गोटेगांव 90 नरसिंहपुर 86 करेली 64 तेंदूखेड़ा (चावरपाठा)86 गाडरवारा(चीचली)66 साईंखेड़ा 58 कुल 450 पंचायतों तक पहुंचने का कठिन लक्ष्य था ।गायत्री परिवार के गुरूपुत्र पहले जनवरी फरवरी की कड़कड़ाती ठंड फिर चिलचिलाती धूप इसी बीच जिले में चुनाव की अवधि सभी बाधाओं को पार करते हुए कल दिनांक 16 मई की शाम तक 442 पंचायतों का भृमण पूर्ण कर चुके हैं। 17 मई शाम तक कार्यक्रम का समापन होगा तब तक शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण हो जाएगा । नरसिंहपुर रथ क्रमांक 122 का यशवंत सिंह परिव्राजक के साथ अविनाश बेलाकर गोविंद नेमा रामशंकर वर्मा राजेंद्र सिंह पटेल मुकेश पटैल रामचरण सोनी करेली रथ क्रमांक 211 का रामनारायण कौरव अवधेश कौरव डालचंद सनेढिया बुंदेला जी तेंदूखेड़ा रथ क्रमांक 212 का श्रीकांत गुप्ता द्वारका सोनी हरिओम वर्मा रामकुमार ठाकुर लक्ष्मीनारायण केवट के एस ठाकुर काशीराम राय वीरेन्द्र सिंह पटेल द्वारका पटैल दौलत पटेल हिम्मत सिंह काशीराम पटैल मूलचंद पटैल भैरव पटैल रामकिशन पटैल भोजराज बडकुर नारायण सिंह पटेल भूपेंद्र सिंह पटेल हरिशंकर चन्द्रभान गाडरवारा रथ क्रमांक 213 का राजेश कौरव गीताप्रसाद कौरव जगदीश दुबे सत्यनारायण मुकद्दम विनोद श्रीवास्तव केशव प्रसाद पचौरी सुरेश आचार्य डॉ हरगोविंद वर्मा डॉ अरुण शर्मा शिक्षक अरुण शर्मा कन्छेदी पटेल ठाकुर साब कौरव ने संचालन किया ।सभी परिजनों के अथक प्रयास से यह लक्ष्य पूरा हुआ ।नरसिंहपुर शक्ति पीठ प्रमुख ट्रस्टी थंमनसिंह शर्मा आचार्य गाडरवारा शक्ति पीठ प्रमुख ट्रस्टी आर पी सिंह वृंदावन पटैल जिला समन्वयक मीडिया प्रभारी बलराम नामदेव के सतत मार्गदर्शन व सहयोग से लक्ष्य पूर्ण हो सका । परिजनों के अथक प्रयास का वृंदावन पटैल जिला समन्वयक प्रबन्ध ट्रस्टी द्वय आचार्य थंमन सिंह शर्मा आर पी सिंह ने हृदय से स्वागत करते हुए प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए आभार व्यक्त किया है।

## हर घर में हो गायत्री महायज्ञ गोष्ठी के माध्यम से हुई चर्चा

**तेंदूखेड़ा**- आगामी 23 मई बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में संपूर्ण विश्व में गृहे गृहे गायत्री महायज्ञ को लेकर तेंदूखेड़ा के हृदय स्थल में स्थित श्री हनुमान मंदिर दादा दरबार परिसर में गायत्री परिवार की एक गोष्ठी तहसील शाखा के द्वारा आयोजित की गई। जिसमें जिला समन्वयक से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे प्रज्ञा मंडलों के सदस्यों गायत्री परिजनों ने भाग लिया। तहसील इकाई प्रमुख श्रीकांत गुप्ता ने बैठक के उद्देश्य पर प्रकाश डाला वहीं जिला समन्वयक वृन्दावन पटेल एवं रामकुमार ठाकुर ने काफी विस्तार से शांति कुंज हरिद्वार से मिले निर्देशों की जानकारी साझा की गई।इस मौके पर तेंदूखेड़ा के हनुमान मंदिर परिसर में एक सामूहिक आयोजन कराये जाने पर भी सहमति बनी जिसकी प्रारंभिक तैयारियां गायत्री परिजनों द्वारा शुरू कर दी गई है।इस मौके पर वृंदावन पटेल, द्वारका प्रसाद सोनी रामकुमार ठाकुर वीरेन्द्र दलाल के एस ठाकुर पुरषोत्तम पटेल हरिओम वर्मा भैंरोसिंह पटेल बलराम पटेल भानुप्रताप पटेल लक्ष्मीनारायण केवट नारायण पटेल यशवंत पटेल अनिल वर्मा नीरज राय सहित बड़ी संख्या में गायत्री परिजन प्रमुख रुप से उपस्थित थे।